**D.El.Ed. I Year Annual Examination-2026**

**Paper Code: 104**
**(Set-A)**

**Roll No.**.000.57065
**Total Pages : 12**
**D.El.Ed.-I/04/26**

# Language Education (Hindi)
# हिन्दी भाषा-शिक्षा

**Time : 3 Hours**
**समय : 3 घंटे**

**Maximum Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

## सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्नपत्र के चार भाग हैं : **भाग-I**, **भाग-II**, **भाग-III** और **भाग-IV**.
- प्रत्येक भाग के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
- **भाग-I** में 10 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
- **भाग-II** में 5 प्रश्न (अभिकथन एवं तर्क से संबंधित) हैं, सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
- **भाग-III** में 8 प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 5 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। (उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें।)
- **भाग-IV** में 8 प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 5 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है। (उत्तर लगभग 300 शब्दों में दें।)

*********

## भाग-I ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सही विकल्प का चयन करें।** **(10x1=10)**

1. भाषा के मानकीकरण के लिए महत्वपूर्ण है -

   (अ) शब्द, रचना, अर्थ

   (ब) चयन, प्रसार, प्रयोग

   (स) परोपकार, परिशोधन, संस्कार

   (द) राजभाषा, परिभाषा, मुहावरें

2. 'मतानुसार' में सन्धि है -

   (अ) दीर्घ

   (ब) यण

   (स) गुण

   (द) अयादि

3. 'पथभ्रष्ट' शब्द में समास है -

(अ) बहुब्रीहि

(ब) द्वन्द

(स) तत्पुरुष

(द) कर्मधारय

4. 'तरंगिणी' शब्द किसका समानार्थी है -

(अ) देवी

(ब) फूल

(स) नदी

(द) धन

5. कविता शिक्षण की विधियाँ हैं -

(अ) गति, अभिनय, व्याख्या

(ब) आगमन, निगमन, व्याख्या

(स) आकलन, व्याख्या, विचार

(द) वाचन, व्याख्या, भाषा संसर्ग

6. वाचन, व्याख्या, भाव विश्लेषण किसके अंग हैं?

(अ) व्याकरण शिक्षण

(ब) गद्य शिक्षण

(स) पद्य शिक्षण

(द) मूल्याँकन

7. भाषा शिक्षण के उद्देश्य में ग्रहणात्मक उद्देश्य के अन्तर्गत आते हैं -

(अ) मौखिक कौशल और पठन कौशल

(ब) लिखित कौशल और मौखिक कौशल

(स) श्रवण कौशल और पठन कौशल

(द) मौखिक कौशल और श्रवण कौशल

8. यति, गति, बलाघात किससे संबंधित हैं?

(अ) श्रवण कौशल

(ब) मौखिक अभिव्यक्ति

(स) पठन कौशल

(द) लेखन कौशल

9. शैक्षिक मूल्याँकन से संबंधित पक्षों को सही क्रम चुनिए -

(अ) उद्देश्य → विषयवस्तु → शैक्षिक क्रियाएँ → मूल्याँकन

(ब) विषयवस्तु → उद्देश्य → शैक्षिक क्रिया → मूल्याँकन

(स) उद्देश्य → मूल्याँकन → विषयवस्तु → शैक्षिक क्रिया

(द) शैक्षिक क्रियाएँ → उद्देश्य → विषयवस्तु → मूल्याँकन

10. हिंदी शिक्षण में दृश्य-श्रव्य साधनों का उपयोग करने का मुख्य उद्देश्य है -

(अ) विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के नियमों और व्याकरण की शिक्षा देना।

(ब) विद्यार्थियों को हिंदी भाषा की स्थिति से अवगत कराना।

(स) विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के माध्यम से ज्ञान प्रदान करना।

(द) विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के प्रति रुचि और उत्साह पैदा करना।

## भाग-II ( अभिकथन एवं तर्क से संबंधित प्रश्न )

**सभी प्रश्न अनिवार्य है।** **(5x2=10)**

नीचे दिए गए प्रश्नों के अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो कथन दिए गए हैं। जिन्हें अभिकथन और तर्क के द्वारा दर्शाया किया गया। कथनों को ध्यान से पढ़ते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए।

11. **अभिकथन** - भाषा की परिवर्तनशीलता उसकी स्वाभाविक क्रिया है।

**तर्क** - भाषा देशकाल व वातावरण से प्रभावित होती है।

(अ) अभिकथन सही है, परंतु तर्क गलत है।

(ब) अभिकथन गलत है, परंतु तर्क सही है।

(स) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

(द) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं परंतु तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता।

12. **अभिकथन** - स्वाध्याय प्राचीन काल से ही चिन्ता का विषय रहा है।

**तर्क** - भाषा के अध्ययन के द्वारा विद्यार्थियों में स्वाध्याय के प्रति रुचि उत्पन्न की जो सकती है।

(अ) अभिकथन सही है, परंतु तर्क गलत है।

(ब) अभिकथन गलत है, परंतु तर्क सही है।

(स) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

(द) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं परंतु तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता।

13. **अभिकथन** - श्रवण भाषा सीखने का प्रथम चरण है।

**तर्क** - श्रवण अन्य कौशलों को विकसित करने का आधार है।

(अ) अभिकथन सही है, परंतु तर्क गलत है।

(ब) अभिकथन गलत है, परंतु तर्क सही है।

(स) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

(द) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं परंतु तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता।

14. **अभिकथन** - निबन्ध गद्य की महत्त्वपूर्ण विधा है।

**तर्क** - निबन्धकार देशकाल के आधार पर कहानी और निबन्ध के उद्देश्य निर्धारित करते हैं।

(अ) अभिकथन सही है, परंतु तर्क गलत है।

(ब) अभिकथन गलत है, परंतु तर्क सही है।

(स) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

(द) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं परंतु तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

15. **अभिकथन** - रोग या दोष का पता लगाना निदान कहलाता है।

**तर्क** - निरीक्षण, परीक्षण, साक्षात्कार और संचित अभिलेख शैक्षणिक निदान की विधियाँ हैं।

(अ) अभिकथन सही है, परंतु तर्क गलत है।

(ब) अभिकथन गलत है, परंतु तर्क सही है।

(स) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

(द) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं परंतु तर्क, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता।

## भाग-III ( लघुउत्तरात्मक प्रश्न )

**किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **(5x3=15)**

16. ''प्राथमिक स्तर पर भाषा के कौशलात्मक उद्देश्यों पर सर्वाधिक ध्यान देने की आवश्यकता हैं।'' इस कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिए। (3)

17. भाषा की प्रकृति साधन और साध्य रूप में कैसे है? तर्क प्रस्तुत कीजिए। (3)

18. सम्प्रेषण कौशल क्या है? सम्प्रेषण कौशल के किन्हीं दो उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए। (1+2)

19. गद्य और पद्य शिक्षण में छह अन्तर स्पष्ट कीजिए। (3)

20. प्रश्नपत्र निर्माण कला क्या है? स्पष्ट कीजिए। (3)

21. गद्य शिक्षण के विभिन्न अंगों पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। (3)

22. एक अच्छे वक्ता में किन गुणों का समावेश होना चाहिए? स्पष्ट कीजिए। (3)

23. जनसंचार के तीन साधनों का वर्णन कीजिए। (3)

## भाग-IV ( निबन्धात्मक प्रश्न )

5) निम्नलिखित में से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5x8=40

24. व्याकरण शिक्षण क्या है? व्याकरण शिक्षण के मुख्य उद्देश्य कौन-कौन से हैं? प्राथमिक स्तर पर व्याकरण शिक्षण के लिए प्रयोग की जाने वाली दो विधियों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। (2+2+4)

25. श्रवण कौशल से आप क्या समझते हैं? एक अच्छे श्रोता में किन गुणों का समावेश होता है? श्रवण कौशल को विकसित करने के लिए किन-किन विधियों का प्रयोग किया जाता है? बताइए। (2+2+4)

26. कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए हिंदी विषय से सम्बन्धित ब्लूप्रिंट सहित एक प्रश्नपत्र का निर्माण करें? (8)

27. पद्य शिक्षण क्या है? पद्य शिक्षण के अंगों पर प्रकाश डालते हुए, पद्य शिक्षण की किन्हीं दो विधियों की विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए। (2+2+4)

28. सतत और व्यापक मूल्याँकन से आप क्या समझते हैं? भाषा अधिगम की दृष्टि से सतत और व्यापक मूल्याँकन की क्या उपयोगिता हैं? भाषा-मूल्याँकन की चार विधियों की व्याख्या उदाहरण सहित कीजिए। (2+2+4)

29. कक्षा में धीमी गति से सीखने वाले बच्चों की पहचान कैसे की जाती है? धीमी गति से सीखने के क्या कारण होते हैं? धीमी गति से सीखने वाले बच्चों की प्रगति के लिए आप क्या कर सकते हैं? बताइए। (2+2+4)

30. पाठ्यसहगामी क्रियाएँ क्या है? विभिन्न पाठ्यसहगामी क्रियाओं की आवश्यकता क्यों होती हैं? विभिन्न पाठ्‌यसहगामी क्रियाएँ कैसे भाषा को विकसित करने में कैसे सहायक करती हैं, बताइए। (2+2+4)

31. ''विद्यालय अनुभव कार्यक्रम में आपने भाषा शिक्षण करते समय श्रवण कौशल, मौखिक अभिव्यक्ति, पठन कौशल व लेखन कौशल से संबंधित किन-किन चुनौतियों का सामना किया।'' इसे विस्तार से समझाते हुए बताइए कि उन चुनौतियों के समाधान के लिए आपने किस प्रकार के प्रयास किए? उदाहरण देकर उत्तर दीजिए। (4+4)